हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, रविवार 25 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 15 .5 डिग्री
न्यूनतम 5 .5 डिग्री


14 गणतंत्र दिवस पर किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम





14 फुल ड्रेस रिहर्सल में विद्यार्थियों का दिखा जोश, 26 जनवरी पर लोक संस्कृति से ओतप्रोत होंगे कार्यक्रम




## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**बावल।** पुलिस ने धोखाधड़ी मामले में एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। बावल थाना पुलिस ने 18 जुलाई 2023 को धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने नूंह के सिरोही निवासी तैफीक को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर तफ्तीश में शामिल किया है। आरोपी के खिलाफ जिले के कई अन्य पुलिस थानों में भी धोखाधड़ी के केस दर्ज हैं। वह अन्य मामले में जेल में बंद चला आ रहा है। उसे प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

### मानहानि मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने मानहानि के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 22 जनवरी को रामसिंहपुरा निवासी सतीश के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मानहानि करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने आरोपी सतीश को गिरफ्तार कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। मामला गलत सूचना के प्रकाशन से जुड़ा बताया जा रहा है।

### मारपीट मामले में पांच आरोपी किए काबू

**जाटूसाना।** पुलिस ने दड़ौली गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में दाखिल घायल के बयान पर 19 जनवरी के गांव के कई लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के बाद इस मामले में दड़ौली निवासी उमंग, भारत भूषण, राजबीर, सुशीला व रोशनी के गिरफ्तार किया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### चोरी के मामले में आरोपी भेजा जेल

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात के बाद गत वर्ष 25 सितंबर 2024 को केस दर्ज किया था। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के निम्बाहेड़ी निवासी हासम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### दुष्कर्म के आरोप में युवक पर केस

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में लगभग 40 साल की महिला ने आरोप लगाया कि यूपी निवासी अमित कस्बे में ही किराए के कमरे पर रह रहा है। पति की मौत के बाद अमित ने उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ रखा हुआ था। इस दौरान वह लगातार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। बाद में वह शादी करने से मुकर गया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

### खेड़ा मुरार में मेघवाल समाज की बैठक आज

**रेवाड़ी।** मेघवाल उत्थान समिति हरियाणा के सचिव भूपेन्द्र शेखपुर ने बताया कि मेघवाल समाज की बैठक 25 जनवरी को सुबह 10:30 बज गांव खेड़ामुरार में आयोजित की जाएगी। मीटिंग में समिति के पदाधिकारी और महिला शक्ति व समाज के लोग समाजहित के लिए अपने विचार साझा करेंगे और मेघवाल उत्थान समिति को मजबूत बनाने का काम करेंगे।

## भूमिगत जल स्तर है जमीन के बराबर, 8 जोहड़ों के दूषित पानी निकासी नहीं

# गोकलगढ़ के जोहड़ ओवरफ्लो, स्कूल में घुसा दूषित पानी, ग्रामीणों ने लगाया जाम

### अधिकारियों ने दिया जल्द समाधान का आश्वासन

गांव के सरपंच राजबीर ने बताया कि जलभराव की समस्या काफी गंभीर हो चुकी है। विधायक की ओर से गांव की इस समस्या को विधानसभा तक में उठाया था, परंतु इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। भूमिगत जल जमीन के लगभग बराबर होने के कारण जमीन पानी सोखने में सक्षम नहीं है। दो दिन पूर्व हुई हल्की बरसात के बाद ही गांव के सभी 8 जोहड़ ओवरफ्लो हो गए, जिससे पानी का भराव पूरे गांव में हो गया। ग्रामीणों को इससे भारी परेशानी हो रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गोकलगढ़ गांव का भूमिगत जल स्तर जमीन के लगभग बराबर होने के कारण जोहड़ पानी सोखने की क्षमता खो चुके हैं। हल्की बारिश के बाद ही जोहड़ ओवरफ्लो हो जाते हैं। एक जोहड़ का पानी प्राइमरी स्कूल तक में घुस गया। गुस्साए ग्रामीणों ने झज्जर रोड जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। प्राइमरी स्कूल के आसपास रहने वाले ग्रामीण बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ शनिवार सुबह झज्जर रोड पर एकत्रित हो गए। बाद में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी। जाम लगाते ही दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पहले ट्रैफिक डायवर्ट कराया। इसके बाद मौके पर जाकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताई तो पंचायत विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया। खंड का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे बावल के बीडीपीओ शुभम मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने उन्हें जमकर खरी-खोटी सुनाई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जोहड़ों के ओवरफ्लों होने का सिलसिला काफी समय से चल रहा है। इसके बावजूद प्रशासन उनकी समस्या का समाधान नहीं करा पा रहा है। स्कूल में जोहड़ का पानी घुसने के कारण बच्चों का स्कूल में घुसना तक मुश्किल बना हुआ है। बीडीपीओ ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उच्चाधिकारियों से बातचीत करने के बाद उनकी समस्या का निराकरण कराया जाएगा। अधिकारी के आश्वासन पर ही ग्रामीण जाम खोलने को तैयार हुए। इस दौरान झज्जर और रोहतक की ओर आवागमन करने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम खुलने के बाद ही इस मार्ग पर यातायात सुचारू हो सका।



रेवाड़ी। गांव गोकलगढ़ की गली में जमा दूषित पानी। फोटो : हरिभूमि



**सिंचाई विभाग पानी लेने को तैयार नहीं**

सरपंच ने बताया कि जोहड़ों का पानी पाइप लाइन के जरिए सीवर ट्रीटमेंट प्लांट तक भेजना ही समस्या का समाधान है। इसके लिए कई बार सिंचाई विभाग के अधिकारियों को लिखा जा चुका है, परंतु विभाग जोहड़ों का फालतू पानी लेने को तैयार नहीं है। हल्की बरसात होने पर भी जोहड़ ओवरफ्लो हो जाते हैं। बरसात के सीजन में और भी बुरा हाल हो जाता है। हरिजन बस्ती के लोगों को भी जल भराव से ज्यादा परेशानी हो रही है, जिस कारण मजबूरी में जाम लगाना पड़ा।

**जल्द होगा समस्या का समाधान**

प्रदेश सरकार की ओर से भूमिगत जल स्तर को नीचे ले जाने के लिए सोलर पंप लगाकर पानी बाहर निकालने के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी हुई है। इसके लिए लगभग 3.5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हो चुकी है। जल्द ही इस प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू होने जा रहा है।
-अमर मलिक, एक्सईएन, सिंचाई विभाग।

## कैडेट एंजेल नेगी को मिला अंतरराष्ट्रीय संवाद कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद कैडेट एंजेल नेगी व अन्य।

■ सुनीता विलियम्स की भारत यात्रा के दौरान अमेरिकन सेंटर नई दिल्ली में आयोजित हुआ उच्च स्तरीय संवाद कार्यक्रम

**रेवाड़ी।** अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की भारत यात्रा के दौरान अमेरिकी दूतावास भारत की ओर से अमेरिकन सेंटर नई दिल्ली में उच्च स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैनिक स्कूल रेवाड़ी की प्रतिभाशाली छात्रा कैडेट एंजेल नेगी को आमंत्रित किया गया, जोकि कोडिमैथ्स के मेडन इंटरनेशनल स्पेस साइंस ओलंपियाड में भाग ले चुकी हैं। एंजेल नेगी को कोडिमैथ्स के सीईओ कुमार शुभम पराशर के साथ संवाद में भाग लेने का अवसर मिला। कैडेट ने सुनीता विलियम्स से प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में गहन ज्ञान अर्जित किया और भारत का प्रतिनिधित्व करने की प्रेरणा प्राप्त की। कैडेट एंजेल नेगी ने कहा कि यह अनुभव उनके लिए प्रेरणादायक रहा। विद्यालय के प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने कहा कि सैनिक स्कूल के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि विद्यालय की एक छात्रा को अंतरराष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। कोडिमैथ्स ने छात्रों को अंतरिक्ष शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राचार्य ने इस उपलब्धि के लिए कोडिमैथ्स के सीईओ कुमार शुभम पराशर और इंडियन स्पेस एसोसिएशन के डायरेक्टर रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल एके भट्ट का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अवसर कैडेट्स में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार की भावना तथा अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कार्यक्रम भारत-अमेरिका के बीच अंतरिक्ष सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो युवा पीढ़ी को प्रेरित करेगा। सैनिक स्कूल के शिक्षक स्टाफ ने कैडेट एंजेल नेगी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम प्रभारी आंचल कुमारी टीजीटी अंग्रेजी व संयोजक मनोज कुमार ओझा टीजीटी विज्ञान थे।

## एसपी ने वेलफेयर मीटिंग में सुनीं पुलिसकर्मियों की समस्याएं



रेवाड़ी। पुलिस कर्मचारियों की समस्या सुनते एसपी हेमेंद्र मीणा। फोटो : हरिभूमि

■ पिछली वेलफेयर मीटिंग में रखी गई 17 समस्याओं के संबंध में किए गए निवारण का भी फीडबैक लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शनिवार को पुलिस लाइन में डी लेवल वेलफेयर मीटिंग का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने की। इस मौके पर एसपी मीणा ने जिले के सभी थाना, चौकी, क्राइम युनिट व पुलिस लाइन के पुलिस कर्मियों की वेलफेयर से संबंधित समस्याए सुनीं और निवारण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीटिंग में डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह, डीएसपी बावल सुरेंद्र श्योराण, डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार तथा वेलफेयर इंस्पेक्टर शिव दर्शन सहित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल जॉय बनर्जी, हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के जेई अंजुमन व पुलिस रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों सहित एचएचओ व पुलिस कर्मचारी मौजूद थे। एसपी हेमेंद्र मीणा ने पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की सरकारी आवासों व पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने पिछली वेलफेयर मीटिंग में रखी गई 17 समस्याओं के संबंध में किए गए निवारण का भी फीडबैक लिया। एसपी ने ज्यादातर समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया तथा बाकी का जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया। एसपी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं का शीघ्र निपटान करें और यदि आवश्यक हो तो उच्च अधिकारियों से पत्र व्यवहार किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस थाना एवं चौकियों में पुलिस कर्मियों की जो भी जरूरत है वह जल्द से जल्द पूरी की जाएगी। थाना व चौकियों में तैनात पुलिसकर्मी 24 घंटे ड्यूटी देते हैं। इस दौरान उनकी मूलभूत सेवाओं का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है। इस मौके पर एसपी ने थाना व चौकियों सहित पुलिस लाइन में साफ-सफाई व बिल्डिंग के उचित रखरखाव करने के भी निर्देश दिए।

## ग्राम सभाओं में 40 फीसदी ग्रामीणों की भागीदारी की शर्त का विरोध

■ विधायक लक्ष्मण सिंह यादव को मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सरकार की ओर से ग्राम सभाओं में 40 फीसदी ग्रामीणों की अनिवार्य भागीदारी के विरोध में धारुहेड़ा सरपंच एसोसिएशन की ओर से विधायक लक्ष्मण सिंह यादव को मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। एसोसिएशन के सदस्यों ने ग्राम सभा में 40 फीसदी ग्रामीणों की अनिवार्य भागीदारी को हटाए जाने की मांग की। सरपंचों ने बताया कि ग्राम सभा करने के लिए 40 फीसदी ग्रामीणों की अनिवार्य भागीदारी सभी पंचायतों के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन गई है। चौकीदार से मुनादी कराकर अब तक तीन ग्रामसभाओं का आयोजन कर चुके हैं, लेकिन कोरम के अनुसार लोग नहीं आने से सभी पंचायत ग्रामसभा कराने में असफल रही है, जिसके चलते ग्राम पंचायत विकास कार्य के एजेंडे व विभिन्न योजना जैसे एजेंडे पारित नहीं होने के कारण विकास कार्य बाधित हो रहे हैं।



रेवाड़ी। विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए सरपंच। फोटो : हरिभूमि

### विधायक लक्ष्मण सिंह ने आश्वासन दिया

*एसोसिएशन के प्रधान प्रियंका कार्तिक यादव ने बताया कि गांवों में काफी संख्या में ज्यादातर लोग नौकरी-पेशा होते हैं या फिर अपने व्यवसाय में व्यस्त होने के कारण ग्राम सभा में नहीं पहुंच पाते। परिवार का मुखिया ही ग्रामसभा में पहुंचता है, जिससे सरपंच के लिए 40 फीसदी ग्रामीणों की भागीदारी ग्रामसभा में असंभव हो चुकी है। उन्होंने मांग की कि ग्रामसभा में 40 फीसदी ग्रामीणों की अनिवार्य भागीदारी के कोरम को समाप्त करके पूर्व की तरह ग्रामसभा के कोरम को सुचारु रुप से लागू करवाया जाए। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने आश्वासन दिया कि वे उनकी मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष पूरी गंभीरता के साथ रखेंगे। इस अवसर पर गांव मालाहेड़ा, आंकेड़ा, मेहनियावास, रसियावास, महेश्वरी, इस्तमुरार, बखापुर, जोनियावास, पांचौर माजरी दूधा, सांपली, जोनियावास, जीतपुरा ईस्तमुरार, ईस्तमुरार व खरखड़ा सहित अनेक गांवों के सरपंच व प्रतिनिधि मौजूद थे।*

### गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में निकाली तिरंगा यात्रा

**रेवाड़ी।** गांव करावरा मानकपुर स्थित दी हैरिटेज गैलेक्सी इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। देशभक्ति गीतों के साथ अनेकों गांवों से निकली यात्रा से माहौल पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम में चांदनवास के शहीद हरिसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया तथा होनहार खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया। स्कूल के डायरेक्टर एडवोकेट निशांत यादव व कमल सिंह यादव की देखरेख में निकाली गई यात्रा गांव नांगलिया, करावरा, आशियाकी, खेड़ा तथा चांदनवास होते हुए स्कूल परिसर में संपन्न हुई। कार्यक्रम में जिला स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता के विजेता एकता, मीनाक्षी, दिशा, खुशी, प्रणवी, नितिका, अंश, आदित्य, हर्षित, निलेश व जतिन को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट निशांत यादव ने कहा कि भारत माता को अंग्रेजों के चंगुल से मुक्त कराने में असंख्य बलिदानियों ने अपनी शहादत दी है। इसलिए हम सभी को राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। तिरंगा यात्रा में स्कूल प्रधानाचार्य पूजा शर्मा सहित सभी स्टॉफ सदस्य व काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।



### एसडीएम ने रिहर्सल में किया परेड का निरीक्षण



रेवाड़ी। बावल में परेड का निरीक्षण करते एसडीएम मनोज कुमार।

*बावल। बावल अनाज मंडी में एसडीएम बावल मनोज कुमार की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई, जिसमें मार्चपास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पीटी-डंबल का प्रदर्शन किया गया। एसडीएम मनोज कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराने उपरांत परेड का निरीक्षण किया। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान एसडीएम ने मुख्य समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। एसडीएम ने बताया कि 26 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज पहराएंगे।*

## आने वाले सप्ताह में भी परिवर्तनशील बना रहेगा मौसम, लोग सावधानी बरतें

# बरसात के बाद मौसम साफ, ठंडी हवाओं ने दिन भर कंपकंपाया

### कोहरे की वापसी मंद कर सकती है यातायात की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते शुक्रवार को हुई हल्की बरसात के बाद मौसम पूरी तरह साफ हो गया। तेज धूप खिलने के बावजूद ठंडी हवाओं ने कंपकंपी छुड़ाए रखी। रविवार को मौसम में फिर बदलाव की संभावना है। आसमान में बादलों के साथ-साथ कोहरा भी छाने के आसार बने हुए हैं।

शनिवार को सुबह से ही आसमान पूरी तरह साफ बना रहा। बारिश ने प्रदूषण साफ करने का काम भी किया है। सुबह से ही तेज धूप खिली रही। इसके बाद उत्तरी दिशा से चलने वाली बर्फीली हवाओं ने मौसम का मिजाज ठंडा बनाए रखा। धूप के बावजूद लोगों को ठंडी हवाएं चलने से कंपकंपी छूटी रही। अधिकतम तापमान 3 डिग्री की कमी के साथ 15.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रात का तापमान भी एक डिग्री की कमी के साथ 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन के समय 18 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं। बारिश ने प्रदूषण का स्तर भी कम कर दिया है। सुबह के समय धारूहेड़ा का 172 दर्ज किया गया, जिसमें और कमी आने के आसार बन गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को मध्यम विक्षोभ की सक्रियता के चलते आसमान में बादल छा सकते हैं। हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। आने वाले सप्ताह में भी मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान ओलावृष्टि से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। शनिवार को शाम के समय आसमान में आंशिक बादल छा गए, जिससे मौसम में एक बार फिर से बदलाव आ गया।

**आज भी बादल छाने के आसार**



रेवाड़ी। शनिवार शाम को शहर में छाए बरसात के बादल। फोटो : हरिभूमि

### फसलों को मिला अच्छा फायदा

*शुक्रवार को हुई हल्की बरसात से रबी फसलों को अच्छा फायदा हुआ है। जिले में शुक्रवार को 14 एमएम बरसात दर्ज की गई, जिससे सरसों और गेहूं की फसलों पर बारिश से रौनक छा गई है। दोनों फसलों के तेजी से विकास की संभावना बन गई है। सरसों की अगेती फसल को अब ज्यादा सिंचाई की आवश्यकता नहीं रहेगी, जिस कारण किसान आने वाले दिनों में गेहूं की ही सिंचाई करेंगे। इससे उन्हें परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मौसम में बदलाव के चलते अगर ओलावृष्टि होती है, तो वह फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है।*

### विवाहिता प्रेमी संग फरार, पति ने पुलिस को दी शिकायत

**कोसली।** क्षेत्र के गांव से एक विवाहिता शुक्रवार को अपने घर से प्रेमी संग फरार हो गई। महिला के पति ने कोसली थाने में दी शिकायत बताया कि उसकी शादी साढ़े पांच साल पहले झज्जर जिले में हुई थी। वह एक कंपनी में काम करता है तथा रोज सुबह घर से 7 बजे जाता है और शाम को वापस आता है। शुक्रवार शाम उसके पिता ने फोन पर बताया कि घर पर ताला लगा हुआ है और उसकी पत्नी भी घर पर नहीं है। उसने घर वापस आकर पत्नी को काफी जगह तलाश किया पर उसका कोई पता नहीं चल पाया। पति के अनुसार महिला ने देर शाम मैसेज भेजा कि वह अपनी मर्जी से युवक के साथ जा रही है। पति ने शनिवार को कोसली थाने में शिकायत दी है।

### डीसी ने जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल में ली मार्च पास्ट की सलामी

# फुल ड्रेस रिहर्सल में विद्यार्थियों का दिखा जोश, 26 जनवरी पर लोक संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रम होंगे



रेवाड़ी। फुल ड्रेस रिहर्सल में मार्चपास्ट की सलामी लेते डीसी व एसपी, फुल ड्रेस रिहर्सल में मार्चपास्ट करते हुए पुलिस की टुकड़ी तथा फुल ड्रेस रिहर्सल में कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

जिला मुख्यालय पर 26 जनवरी को मनाए जाने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन शनिवार को पुलिस लाइन परिसर में किया गया। डीसी अभिषेक मीणा ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों का जायजा लिया और सभी संबंधित अधिकारियों व परेड, मार्च पास्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के इंचार्ज को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फुल ड्रेस रिहर्सल में डीसी मीणा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, साथ ही परेड का निरीक्षण किया व मार्च पास्ट की सलामी ली।

फुल ड्रेस रिहर्सल में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य गतिविधियों का जोश के साथ प्रदर्शन किया। इस मौके पर डीसी ने कहा कि सभी प्रतिभागी गणतंत्र दिवस से पूर्व अपनी-अपनी गतिविधियों को अंतिम रूप देना सुनिश्चित करें ताकि समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन गरिमामयी ढंग से हो सके। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम देशभक्ति से ओतप्रोत सहित प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद होंगे। मंच संचालन प्राचार्य एवं साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम नोडल अधिकारी डा.ज्योत्स्ना व प्रवक्ता पूनम यादव की देखरेख में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल की गई।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा, एडीसी राहुल मोदी, सीटीएम जितेंद्र कुमार, डीएसपी पवन कुमार, डीएसपी डा. रविन्द्र, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, डीईओ बिजेंद्र हुड्डा और डीईईओ प्रदीप दहिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**ये होंगे जिला व उपमंडल समारोह के चीफ गेस्ट**

जिला मुख्यालय सहित उपमंडल कोसली व बावल में भी गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामयी व भव्य तरीके से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम, उपमंडल बावल में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय समारोह में विधायक डा. कृष्ण कुमार तथा कोसली में विधायक कोसली अनिल यादव बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों और युद्ध वीरांगनाओं का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

**विभागीय झांकियां देंगी योजनाओं की जानकारी**

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों की ओर से केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं अंत्योदय उत्थान की भावना पर आधारित झांकियां निकाली जाएगी, जिसमें बच्चों के शैक्षणिक विकास, महिला सशक्तिकरण, लिंगभेद, कन्या भ्रूण हत्या, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, आयुष्मान भारत, अंत्योदय भावना के साथ पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने और सड़क सुरक्षा आधारित थीम पर प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें खेल विभाग, हरियाणा राज्य परिवहन, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, शहरी निकाय, वन विभाग व बागवानी विभाग की ओर से झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

**लोक संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम बांधेंगे समा**

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राजकीय मॉडल विद्यालय जलियावास से विद्यार्थी मलखंभ सहित आत्मरक्षा की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी देशभक्ति नृत्य, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं राजस्थानी नृत्य, राज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी कश्मीरी नृत्य और आरपीएस स्कूल के विद्यार्थी हरियाणवी लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियों से समारोह में समां बांधेंगे। वहीं प्रथम इंटरनेशनल स्कूल छुरियावास की छात्राएं राष्ट्रगान की प्रस्तुति देंगी। गुरुकुल किशनगढ़ घासेड़ा की टीम की ओर से योग व सूर्य नमस्कार भी किया जाएगा।



रेवाड़ी। कोसली में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## सांस्कृतिक कार्यक्रम, पीटी व डंबल शो का किया प्रदर्शन

- राजीव गांधी खेल परिसर कोसली में गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली

राजीव गांधी खेल परिसर कोसली में शनिवार को आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में विद्यार्थियों ने मार्चपास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पीटी व डंबल शो का प्रदर्शन किया। एसडीएम विजय कुमार यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर अंतिम पूर्वाभ्यास की शुरूआत की। सोमवार 26 जनवरी को होने वाले उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम में कोसली के विधायक अनिल यादव मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। शनिवार सुबह एसडीएम ने सबसे पहले शहीद स्मारक पर वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद खेल परिसर में परेड का निरीक्षण किया और अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह को भव्यता के साथ मनाने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। पुलिस थाना कोसली से पीएसआई अनिल कुमार ने परेड का नेतृत्व किया। सहायक उप निरीक्षक यशपाल ने हरियाणा पुलिस की टुकड़ी का नेतृत्व किया।

मार्चपास्ट में डीएवी कॉलेज कोसली, न्यू एरा पब्लिक स्कूल गुजरवास, डीएवी पब्लिक स्कूल कोसली, शहीद जीतराम रावमा विद्यालय नाहड़, शहीद लखपत सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गूगोढ़, विवेकानंद स्कूल बव्वा, एसकेजी स्कूल भाकली तथा आरपीएस स्कूल कोसली के कैडेट्स शामिल थे।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर बीडीपीओ अनिल कुमार, डिप्टी डीईओ राजेंद्र यादव, बीईओ सुरेश कुमार, निरीक्षक मनोज कुमार, प्राचार्य दयानन्द भारद्वाज, उप अधीक्षक राजेश कुमार, डीपीई कपूर सिंह, डीपीई महेंद्र सिंह, दलसिंह आर्य, बीरसिंह, सुनील कुमार व ललित कुमार सहित पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।



रेवाड़ी। युवा ग्राम पंचायत में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## पाल्हावास स्कूल में कमिश्नरी स्तरीय युवा ग्राम पंचायत का हुआ आयोजन

- प्रतियोगिता में 50 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया

रेवाड़ी। शहीद रविंद्र कुमार पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास में कमिश्नरी स्तरीय युवा ग्राम पंचायत का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 50 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। स्कूल की प्राचार्या शोभा रानी भारद्वाज ने बताया कि उनका विद्यालय जिला स्तरीय युवा ग्राम पंचायत का विजेता रहा है और अब मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास और गुरुग्राम के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीम के बीच मुकाबला होगा। रेवाड़ी और गुरुग्राम की टीम में से मंडल स्तरीय विजेता घोषित किया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि प्रतियोगिता में 50 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और इसे तैयार कराने में शिक्षिका सुमन राजनीति विज्ञान, शिक्षक मुकेश यादव राजनीति विज्ञान और मांगेराम इतिहास प्रवक्ता ने विशेष भूमिका निभाई। जज की भूमिका में कर्मवीर सिंह प्राचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसौर खेड़ी झज्जर तथा ओमप्रकाश प्रवक्ता राजनीति विज्ञान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाबोदा कला थे, वहीं जितेंद्र देशवाल प्रवक्ता डाइट झज्जर और संजीव कुमार डाइट रेवाड़ी ऑब्जर्वर के रूप में शामिल हुए। विद्यार्थियों ने सरपंच, ग्राम सचिव, पटवारी, डॉक्टर, बिजली विभाग के के जूनियर इंजीनियर, एसएचओ, पुलिस अधिकारी, इलाहाबाद स्कूल की प्रधानाचार्य, बैंक मैनेजर और ग्रामीण सदस्यों की भूमिका निभाई। इस अवसर पर समस्त स्कूल स्टाफ ने सहयोग दिया।

## रेलवे कॉलोनी में गणतंत्र दिवस पर होंगी सांस्कृतिक व खेल गतिविधियां

रेवाड़ी। श्री राम मंदिर ड्रामेटिक क्लब रेलवे कॉलोनी और नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेन की पेंशनर्स एसोसिएशन की ओर से 26 जनवरी को रेलवे कॉलोनी में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। कैप्टन अजय सिंह यादव पूर्व मंत्री व चिरंजीव राव पूर्व विधायक ध्वजारोहण करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. आनंद तंवर अतिरिक्त मुख्य मेडिकल अधीक्षक, मनोज कुमार सहायक सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ, एमके सिंह सहायक सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, जितेन्द्र यादव एरिया अधिकारी, अनूज भार्गव सेवानिवृत्त मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, टीपी शर्मा सेवानिवृत्त एरिया अधिकारी, मदनलाल सेवानिवृत्त आईआरटीएस, पीके जोशी सेवानिवत्त सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी तथा हरीश कुमार इंचार्ज कानोड गेट चौकी शामिल होंगे। इस मौके पर विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे व खेलकूद गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में उकृष्ट सेवाएं देने वाले सुंदर सिंह सरपंच नंगली परसापुर बावल और सौरभ मीणा वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर विद्युत को क्लब की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

## आज माई इंडिया माई वोट थीम पर मनाया जाएगा 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस



रेवाड़ी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी को माई इंडिया माई वोट थीम पर जिले में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रविवार प्रातः 11 बजे लघु सचिवालय सभागार में किया जाएगा। डीसी ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस लोकतंत्र की मजबूती, मतदाता जागरूकता और हर नागरिक की भागीदारी का उत्सव है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जिले के मतदाताओं, विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष, एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने तथा धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने संबंधित शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों व शैक्षिक संस्थानों में माई इंडिया माई वोट विषय पर आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

## निष्पक्ष होकर मतदान करने की शपथ दिलाई

- राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



रेवाड़ी। शिक्षकों व विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए शिक्षाविद्। फोटो : हरिभूमि

भारतीय लोकतंत्र के महापर्व राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य विनोद यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों के माध्यम से मतदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने और समाज को जागरूक करने पर बल दिया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि युवा ही लोकतंत्र की असली शक्ति हैं और उन्हें अपनी जिम्मेदारी को समझना चाहिए। शिक्षाविद मनोज वशिष्ठ ने सभी अध्यापकों और विद्यार्थियों को निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई। वरिष्ठ व्याख्याता नम्रता सचदेवा, मंजूलता, विकास, भूपेंद्र व निशांत ने भी कार्यक्रम में सक्रिय योगदान दिया। वक्ताओं ने कहा कि इस वर्ष की थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' इसी संकल्प को दोहराती है कि हर नागरिक का वोट देश के भविष्य के लिए निर्णायक है। प्रधानाचार्य विनोद यादव ने कहा कि लोकतंत्र की नींव केवल कागजों पर नहीं, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर टिकी होती है। विद्यार्थियों को यह समझाना है कि वे केवल भविष्य के नागरिक नहीं, बल्कि वर्तमान के सजग प्रहरी भी हैं। जब विद्यार्थी अपने घर और पड़ोस में मतदान का संदेश ले जाते हैं, तो उसका प्रभाव गहरा होता है। वरिष्ठ व्याख्याता नम्रता सचदेवा ने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक नैतिक उत्तरदायित्व है। एक शिक्षित समाज वही है, प्रत्येक व्यक्ति बिना किसी प्रलोभन या दबाव के अपनी अंतरात्मा की आवाज पर मतदान करे। आज की युवा पीढ़ी को निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता और उसकी शक्ति के प्रति जागरूक करना हमारी प्राथमिकता है।

## पंचायती जमीन पर कब्जा करने का आरोप

- गांव के ग्रामीण ने लगाए सरपंच पर आरोप, बोला तीन वर्षों से गांव में नहीं हुई कोई ग्रामसभा, कब्जा करने पर जिला उपायुक्त की ओर से सरपंच को दिया जा चुका कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



- सरपंच की कार्यशैली पर उठे सवाल
- शिकायत के बाद जिला उपायुक्त ने सरपंच को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया

सरकार का सभी योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े आखरी व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। गांवों में ग्रामसभा कर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना ग्राम सरपंच की जिम्मेदारी होती है। गांव गुमीना के ग्रामीण आनंद सिंह ने सरपंच की कार्यशैली को लेकर आरोप लगाए है। ग्रामीण ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से कोई ग्राम सभा ही नहीं हुई है। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल रहा है। गांव गुमीना के ग्रामीण आनंद सिंह ने शनिवार को प्रेसवार्ता कर वर्तमान सरपंच की कार्यशैली पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकारी प्रक्रिया के तहत ग्रामीणों के वोट लेकर सरपंच बनी थी ताकि गांव में विकास कार्य हो सकें, लेकिन सरपंच ग्रामीणों से मिलना तक नहीं चाहती। आनंद सिंह ने आरोप लगाए कि पंचायती कार्य सरपच के ससुर द्वारा किए जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरपंच के ससुर ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर अपना अवैध मकान तक बना लिया। शिकायत के बाद जिला उपायुक्त ने सरपंच को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया, जिसके जवाब में सरपंच ने कहा कि उसका उसके ससुर की जायदाद से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरपंच ने पंचायती सड़क की पुरानी टाइल्स को भी अपनों के घर लगवा दिया, जबकि यह सरकार के खाते में जमा की जानी थी।

## श्री श्याम निशान लेकर खाटूधाम के लिए रवाना हुए श्याम भक्त



धारूहेड़ा। शनिवार को धारूहेड़ा से बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान पदयात्रा निकाली गई। भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर निशान यात्रा लगातार तीसरे वर्ष सोहना रोड मंदिर से प्रारंभ होकर खाटू श्याम मंदिर के लिए रवाना हुई। बाबा श्री श्याम की प्रतिमा की विधिवत पूजा-अर्चना और महाआरती के साथ के बाद श्याम भक्त पैदल निशान यात्रा के लिए रवाना हुए। सामाजिक संगठनों की ओर से पुष्पवर्षा कर निशान यात्रा का स्वागत किया गया। श्रद्धालु 200 किलोमीटर की पदयात्रा कर खाटू श्याम मंदिर पहुंचेंगे, जहां बाबा को निशान अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की जाएगी। पद यात्रा में दीपक यादव, मनोज, दिनेश, संदीप व भूपेंद्र सहित 15 श्याम प्रेमी शामिल थे।



रेवाड़ी। युवा संसद में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने दी लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जीवंत प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगवाड़ी में शनिवार को जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने सशक्त अभिनय व विचारों के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जीवंत प्रस्तुति दी। युवा संसद में पक्ष और विपक्ष की भूमिका, प्रश्नोत्तर काल, चर्चा एवं संसदीय मर्यादाओं का पूर्णतः पालन किया गया। युवा संसद के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोकतंत्र, संविधान और संसदीय प्रणाली की गहरी समझ का परिचय दिया।

विद्यार्थियों की प्रस्तुति सराहनीय रही और उपस्थित सभी अतिथियों ने उनके आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा की। डाइट की ओर से वरिष्ठ प्राचार्या सरोज यादव, वरिष्ठ प्राचार्य मंजू यादव, प्रवक्ता हरीश यादव और प्रवक्ता सुदेश शर्मा ने कार्यक्रम में शिरकत की। विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डा. ज्योत्स्ना यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर डा. अनीता यादव, सतीश कुमार, गजेंद्र, वीर सिंह, नरेंद्र कुमार, बबीता सिंगल, सरिता, संजोगिता और ममता सहित समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

**सुरक्षा** राजस्थान सीमा पर भारी वाहनों का जमावड़ा, गणतंत्र दिवस के बाद ही मिलेगी जाने की अनुमति


# गणतंत्र दिवस पर किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

- दिल्ली की ओर भारी वाहनों का जाना रहेगा बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

गणतंत्र दिवस पर असामाजिक तत्वों के इरादों को नाकाम करने के लिए जिला पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके तहत नेशनल हाइवे से गुरूग्राम और दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन चालकों का जाना बंद कर दिया गया है, जिससे राजस्थान सीमा पर ही बड़ी संख्या में वाहनों का जमावड़ा लग गया है। हालांकि दिल्ली की ओर जयपुर-दिल्ली नेशनल हाइवे से भारी वाहनों का जाना गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले बंद किया गया है, परंतु एनएचएआई ने पहले ही ऐसे वाहनों को बॉर्डर पर रोकना शुरू कर दिया है। इन वाहनों को गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के बाद ही गुरूग्राम और दिल्ली की ओर जाने की अनुमति दी जाएगी।

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि जिला में गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को अलर्ट कर दिया गया है। जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति की दृष्टि से अलग-अलग जगह पर 66 नाके स्थापित किये गये हैं। इसी कड़ी में सुरक्षा को लेकर लगायें पुलिस नाकों पर संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है और आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्ति वाहनों को चेक किया जा रहा है। इस अवसर पर करीब एक हजार पुलिसकर्मी सुरक्षा के लिए जिला में मौजूद रहेंगे। सभी थाना प्रबंधकों द्वारा अपने-2 क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने हेतु भीड़-भाड़ वाले इलाकों में गश्त पड़ताल करने के निर्देश जारी किए गए हैं और इसके अलावा उन्हें निर्देशित किया गया कि अगर कोई संदिग्ध पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाये। इसके साथ ही सभी थाना व सभी क्राइम यूनिट भी इलाकों में स्थित होटल, धर्मशालाओ व बाजारों बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, धर्मशाला, गेस्ट हाउस इत्यादि को बारीकी से चेक कर रही हैं।



रेवाड़ी। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा तथा कुंड बैरियर के पास रोके गए भारी वाहन। फोटो : हरिभूमि

**बिना नंबर वाले वाहनों पर पैनी नजर**

एसपी ने बताया कि बिना नंबर वाले वाहनों की भी लगातार चेकिंग के निर्देश दिए हुए हैं, ताकि किसी प्रकार की कोई असामाजिक गतिविधि उत्पन्न नहीं हों। समारोह स्थल में व्यापक तौर पर प्रबंध करते हुए चारों तरफ दंगा निरोधक यंत्रो सहित जवान तैनात किये गये है। ड्रोन का प्रयोग करना किसी के लिए भी पूर्णतया वर्जित किया गया है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

**संदिग्ध लोगों की सूचना तुरंत पुलिस को दें**

एसपी ने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि किसी संदिग्ध व्यक्ति बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, होटल व ढाबा, धर्मशाला, गेस्ट हाउस में ठहरने का पता चलता है, तो इसकी सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन/चौकी, पुलिस कंट्रोल रूम या डॉयल 112 को तुरंत दे। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व भीड़-भाड़ वाली जगहों पर कोई लावारिस वस्तु दिखाई देती है तो उसे न छुए क्योंकि इसमें कोई बम या विस्फोटक पदार्थ हो सकता है।

**भारी वाहनों का रूट किया गया डायवर्ट**

पुलिस ने 25 जनवरी को सुबह 8 बजे से 26 जनवरी को दोपहर 1:30 बजे तक दिल्ली व गुरुग्राम की ओर से जाने वाले भारी वाहनों पर रोक लगा दी है। पुलिस ने सभी भारी माल वाहक वाणिज्य वाहन चालकों से अपील की है कि वह 26 जनवरी को दोपहर 1:30 तक एनएच-48 का प्रयोग करके गुरुग्राम-दिल्ली की तरफ यात्रा करने से परहेज करें। अधिक आवश्यकता होने पर एनएच-352 का प्रयोग करें।